कार्यालय प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल

क्रमांक 160 / पी.ए. / प्र.अ. भोपाल दिनांक 26 मार्च 1998

प्रति,

प्रमुख अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परिक्षेत्र
भोपाल / इंदौर / जबलपुर / ग्वालियर / रायपुर / म.प्र.

विषय :— नलकूप खनन की निविदायें बुलाने के संबंध में ।

नलकूप खनन की निविदाएं बुलाते समय निविदाओं में स्पेशल कंडीशन के अंतर्गत यह निर्देशित करें कि संबंधित ड्रिलिंग समापत होने तथा नलकूप के सफल होने के बाद नलकूप के पानी की फिजिकल तथा कैमिकल जांच हेतु पानी के सैम्पल जिले में कार्यरत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रयोशालाओं को परीक्षण के लिए पहुंचाएंगे। पानी का सैम्पल परीक्षण के लिए शाला तक पहुंचाने का उत्तरदायित्व संबंधित ड्रिलिंग एजेंसी का होगा । इस परीक्षण पर होने वाले व्यय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वहन करेगा तथा इसके लिए ड्रिलिंग एजेंसी के बिल में से कोई कटौती नहीं की जाएगी। यह भी स्पष्ठ किया जाता है कि इस सैम्पल को प्रयोगशाला तक पहुंचाने हेतु ड्रिलिंग एजेंसी को कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

पानी के सैम्पल पहुंचाने के साथ ही संलग्न प्रोफार्मा अनुसार संबंधित ड्रिलिंग बजेंसी जानकारी प्रयोगशाला को देगी। पानी की जांच होने के बाद जिसके लिए 2 — 3 दिन का समय पर्याप्त होगा। प्रयोगशाला इंचार्ज जांच प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री को तत्काल भिजवाएंगे। और प्रयोगशाला के रजिस्टर में इसकी विधिवत एन्ट्री करके रखेंगे।

संलग्न :— एक प्रोफार्मा

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल

पृ. क्र. 160 / पी.ए./ प्र.अ. भोपाल दिनांक 26 मार्च 1998

प्रतिलिपि :—

मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग / या. परिक्षेत्र भोपाल की ओर अग्रेषित । कृपया आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि ड्रिलिंग मशीन के इंचार्ज का उत्तरदायित्व होगा कि खनन किए गए नलकूप के पानी का सैम्पल जिले में स्थित विभाग की प्रयोगशाला तक पहुंचाए।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
भोपाल

नलकूप खनन की निविदाएं बुलाते समय निविदाओं में
प्रोफार्मा

1. ड्रिलिंग एजेंसी का नाम ठेकेदार / विभागीय
2. कार्यादेश क्रमांक एवं दिनांक
3. ग्राम का नाम, जहां नलकूप खनन किया गया
4. पटवारी हलका क्रमांक
5. विकासखण्ड का नाम
6. नलकूप संख्या क्रमांक
7. लोकेशन (अर्थात् किस गली में किस मकान के पास)
8. वाटर सैम्पल एकत्र करने की तिथि

हस्ताक्षर
ठेकेदार / प्रभारी विभागी रिंग
मैकेनिकल शाखा